FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

**प्रेस नोट दिनांक 15-07-2025 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा दिनाँक 10-07-2025 को हुई हत्या में वांछित 25 हजार के ईनामिया अभियुक्त दीपक यादव को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त दीपक यादव दोनों पैरों में गोली लगने से हुआ घायल......**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 03 जिन्दा, 02 खोखा कारतूस बरामद।**

दिनाँक 11-07-2025 को वादी द्वारा थाना टूण्डला पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 10-07-2025 को 20.00 बजे वादी का बेटा मोहित घर से भाई के पास जाने की कहकर गया था। दिनांक 11-07-2025 को समय 10.00 बजे पता चला कि वादी के पुत्र मोहित की बडा चौराहा डाक घर वाली गली शिवपुरी मे एक निर्माणाधीन दुकान की छत पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गले में फांसी लगाकर हत्या कर दी है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 287/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था

उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीम का गठन किया गया था। विवेचना के क्रम में पुलिस टीम द्वारा लगभग 50 सीसीटीवी कैमरा देखने के पश्चात अभियुक्त दीपक पुत्र सूरज थाना एत्मादपुर का नाम प्रकाश में आया था। थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 15-07-2025 पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 287/25 में वांछित अभियुक्त दीपक छितरई मोहम्मदाबाद रोड पर छिपे-छिपाए घूम रहा है। उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा मोहम्मदाबाद छितरई रोड पर चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति की घेराबंदी की गयी पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान मु0अ0सं0 287/25 में वांछित अभियुक्त दीपक यादव पुत्र सूरज यादव निवासी सचिन विहार कॉलोनी थाना एत्मादपुर जनपद आगरा के रूप में हुई है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1.दीपक यादव पुत्र सूरज यादव निवासी सचिन विहार कॉलोनी थाना एत्मादपुर जनपद आगरा

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त दीपक यादव-**

1.मु0अ0सं0 68/2016 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जीआरपी आगरा फोर्ट जनपद आगरा।

2.मु0अ0सं0 136/2019 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

3.मु0अ0सं0 287/2025 धारा 103(1) बीएनएस थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1- 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर।

2- 02 खोखा कारतूस 315 बोर।

3- 03 जिंदा कारतूस 315 बोर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1- प्र0नि0 श्री अन्जीश कुमार सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

2- एसओजी / सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 अमित तोमर मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

3- उ0नि0 आदेश थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

4- उ0नि0 जयचन्द बाबू शर्मा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

5- हे0का0 346 दिलीप थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

6- हे0का0 672 सुशील कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

7- हे0का0 15 मोहन सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

8- हे0का0 681 हरवेन्द्र सिहं थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।